# कर्मचारियों को दिए कम्युनिकेशन स्किल्स बढ़ाने के टिप्स



प्रतिभागी को प्रमाण पत्र करते अधिकारी।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस में कम्युनिटी को सशक्त बनाने और सबको समान अवसर उपलब्ध कराने को लेकर संचालित समग्र विकास कार्यक्रम प्रोजेक्ट-ग्रो का समापन हो गया। स्कूल फॉर लाइफ और सीएसआर की एक संयुक्त पहल पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासनिक कर्मचारियों की कम्युनिकेशन स्किल्स और अंग्रेजी भाषा में पकड़ बनाकर परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करना था।

प्रोजेक्ट-ग्रो में कौशल विकास पर केंद्रित व्यवहारिक सत्रों में विभिन्न स्कूलों के कर्मचारियों व फैकल्टी सदस्यों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाने के

■ यूपीईएस के प्रोजेक्ट ग्रो का समापन

अलावा बच्चों को उनके होमवर्क के साथ बेहतर मार्गदर्शन, बच्चों की शिक्षा का समर्थन, डिजिटल साक्षरता, स्मार्टफोन का प्रभावी ढंग से उपयोग, डिजिटल भुगतान एप्स को नेविगेट करने, ऑनलाइन समाचार आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों ने अपने व्यावहारिक अनुभवों को साझा भी किया। आरती का कहना था कि सत्रों में भाग लेने के बाद आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। रंजीत ने कहा कि अधिक उम्र में भाषा की विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्रोजेक्ट ग्रो ने अंग्रेजी सीखने में मदद की है। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।